# स्वच्छता ही स्वस्थ्य जीवन की कुंजी है : निगम आयुक्त

## नगर निगम के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव के दूसरे दिन गीला-सूखा कचरा एकत्र करने वाले नागरिकों व रहवासी संघ के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया

प्रसारण न्यूज • रतलाम

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ्य जीवन की कुंजी है। हम अपने घर व आसपास के वातावरण को जितना स्वच्छ व सुंदर रखेगे उतना ही बीमारियों का खतरा दूर रहेगा। सभी को प्रयास करना चाहिए कि हमारे, घर, दुकान कारखाना या जो भी संस्थान हो वहां गीला, सूखा, हानिकारक आदि कचरे का संग्रहण अलग-अलग ही करे और इसे कचरा संग्रहण के निर्धारित खानों में ही डाले।

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर मंगलवार को शहर के अनेकों वार्डो में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आमजन को अलग-अलग कचरा संग्रहण करने की समझाईश देकर अमृत महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर गांधी नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने नागरिकों से चर्चा की और अलग-अलग कचरा संग्रहण करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया। शहर के चारों झोनो में वार्ड नम्बर-1,25,34 व 36 सहित आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों, डीए, मोहल्ला संघों और अन्य आवासीय संघों का सम्मान किया। इस मौके पर सफाई मित्र समूह की टीम ने विभिन्न वार्डो में नागरिकों के घर पहुच कर उन्हे कचरा पृथ्कीकरण की समझाईश दी और बताया कि घर व दुकानों का कचरा अलग डस्टबीनों में ही एकत्र करे और किसी भी परिस्थिति में इस कचरे को खाली प्लाटों या मैदानों में नही डाले। इस मौके पर गुलमोहर कालोनी संघ के अध्यक्ष बलवंतसिंह भाटी और टीआईटी रोड़ के स्वच्छता सिपाही योगेश कावडियां को प्रमाणपत्र व शील्ड देकर सम्मानित भी किया गया।

इसी तरह द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के सदस्यों के साथ गांधी नगर क्षेत्र में पंहूचकर नागरिकों से जानकारी ली की वे अपने घरों में गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग कचरा पात्रों में रखते है या नहीं।



इस दौरान श्रीमती शोभना, बिड़वांन, कृपाल दलोद, ओम साहब बिड़वान, नवीन फतरोड़, विनोद कंडारे, श्रीमती आषा पैमाल, श्रीमती मनोरमा देवी जोशी द्वारा घरों में नियमित रूप से गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्कीकरण करने व पृथक किये गये कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागो में डालने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने पुश्पगुच्छ व पुश्पमालाओं से सम्मान किया।

गांधी नगर क्षेत्र में निगम आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि क्षेत्र के नागरिक स्वच्छता के प्रति काफी जागरूक है इसलिये गांधी नगर वार्ड को आदर्श वार्ड बनाया जायेगा।

इस अवसर पर नागरिकों की मांग पर एमआईजी भवन के सामने की नाली दुरस्त कराने,, उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल व फेंसिग दुरस्त कराने व साफ सफाई किये जाने के निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधितों को दिये।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री व स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी सुरेशचन्द्र व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, शैलेन्द्र गोठवाल के अलावा कर्णधीर बडगोत्या, हितेष पैमाल, श्रीमती किरण महावर, द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के सदस्य दिव्या प्रयास जोशी, मिली जोशी, श्रुति जोशी, शिवम, सलोनी, कीर्ति, प्रयास, दीपिका आदि उपस्थित थे।

प्रसारण

प्रसारण 30/9/21

# डेंगू के पांच नए मामले

**रतलाम।** जिले में डेंगू के नए मामले लगातार मिल रहे हैं। मंगलवार को भी एलाइजा जांच की 22 रिपोर्ट में पांच नए डेंगू के मामले मिले, जबकि किट उपलब्ध नहीं होने से मेडिकल कालेज में एलाइजा जांच नहीं हुई। वहीं दो महीने से डेंगू एवं वायरल बुखार से पीड़ित मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध करा रही सामाजिक संस्था मानव सेवा समिति अब प्लेटलेट्स देने में असमर्थ होने लगी है।

मंगलवार को समिति के अध्यक्ष मोहनलाल पाटीदार (मुरलीवाला) ने सूचना जारी करते हुए कहा कि वर्तमान में कोरोना की तीसरी लहर के रूप में डेंगू का प्रकोप शहर व जिले में भी जारी है। प्लेटलेट्स के लिए फ्रेश डोनर की आवश्कता पड़ती है। अभी तक हम किसी तरह इंतजाम करते रहे, लेकिन अब डेंगू के मरीज के लिए प्लेटलेट्स तभी दी जाएगी, जब उसके लिए साथ में डोनर होंगे।

समिति द्वारा मंगलवार को भी 102 लोगों को प्लेटलेट्स दिए गए। सोमवार का आंकड़ा भी 100 के पार था। बुधवार से नया नियम लागू हो जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने प्लेटलेट्स लेने के लिए आने के दौरान साथ में डोनर लेकर आने की अपील की है। चर्चा के दौरान जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडे, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा आदि उपस्थित रहे।

[illegible] 29/9/21

# एलाइजा जांच किट खत्म डेंगू के नए मामले नहीं मिले

**रतलाम।** जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज लैब में डेंगू की एलाइजा जांच किट खत्म हो गई है। बुधवार को दोनों लैबों में जांच के लिए सैंपल नहीं लगे। वहीं जो दस सैंपल मंगलवार को लगे थे, उनमें एक भी डेंगू पाजिटिव नहीं मिला। एंटीजन किट जांच में जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में नए मामले सामने आए हैं।

जिले अब अब एलाइजा जांच में पुष्टि के बाद डेंगू के 400 मरीज मिल चुके हैं और एंटीजन जांच की संख्या भी लगातार बढ़ते हुए 1200 से ऊपर पहुंच गई है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन में डा. आनंद चंदेलकर ने बताया कि हम एंटीजन किट की जांच से तीनों तरह के डेंगू की जांच कराकर उपचार कर रहे हैं।

एलाइजा जांच किट खत्म हो गई है। जल्दी आ जाएगी। सहायक जिला मलेरिया अधिकारी एसएन बसुनिया ने बताया कि शहर में 515 घरों का सर्वे हुआ, जिसमें 70 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया है। फागिंग चल रही है और दवा का छिड़काव भी हो रहा है। बुधवार को नए मरीज नहीं मिले हैं और उम्मीद है कि डेंगू पर रोक लगेगी।

नईदुनिया 30/9/21

# पहले दिन 296 आपत्तियों में से 180 पर सुनवाई

## मास्टर प्लान 2035 : आज भी होगी सुनवाई, शासन को भेजेंगे अनुशंसा

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** रतलाम शहर के मास्टर प्लान वर्ष 2035 के प्रारूप प्रकाशन के बाद नगर व ग्राम निवेश विभाग को मिली 296 आपत्तियां, सुझावों पर बुधवार को जिला विकास योजना समिति द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुनवाई की गई। इस दौरान विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईड़ा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश उज्जैन सीके साधव, प्रभारी उपसंचालक गोरेलाल वर्मा सहित आपत्तिकर्ता व सुझावकर्ता नागरिक उपस्थित रहे।



मास्टर प्लान की आपत्तियों पर सुनवाई करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ● नईदुनिया

पहले दिन 180 आपत्तियों, सुझावों पर सुनवाई की गई। शेष पर समिति द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रात: 11.00 बजे से सुनवाई की जाएगी।

**शासन स्तर से होगा अंतिम निर्णय -** विधायक काश्यप ने इस दौरान बताया कि जिला विकास योजना समिति द्वारा विकास योजना पर प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों की सुनवाई कर अंतिम निर्णय के लिए संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल को प्रेषित करने के बाद शासन द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। कलेक्टर ने भी समिति कार्य की जानकारी दी।

**ग्रीन बेल्ट पर सबसे ज्यादा आपत्ति :** बुधवार को अधिकांश आपत्तियां भूमियों को ग्रीन बेल्ट में लिए जाने या हटाने को लेकर रही। हनुमान ताल के समीप की भूमि को ग्रीन बेल्ट से हटाने पर भी कई आपत्तियां आईं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने भी इसे गलत बताते हुए ग्रीन बेल्ट यथावत रखने व तालाब संरक्षण से खिलवाड़ करने वाले अमले पर कार्रवाई की मांग की। नई.

नईदुनीया 30/9/2

रतलाम सहित प्रदेश के 27 जिले में एक अक्टूबर से शुरू होगा नया अभियान

# अब सुप्त टीबी की तलाश कर होगा इलाज

विनोद कुमार शुक्ला • रतलाम

स्वास्थ्य विभाग अब टीबी होने से पहले ही सुप्त टीबी (छुपा हुआ) की पहचान कर इलाज शुरू करेगा। इसके लिए एक अक्टूबर से रतलाम सहित प्रदेश के सात जिलों में नया अभियान शुरू हो रहा है। पीएमटीपीटी (प्रोग्रामिंग मैनेजमेंट आफ टीबी प्रोग्रामिक थेरेपी) की शुरुआत हो रही है।

वर्तमान में जिले में टीबी के 2164 मरीज हैं। अब उन लोगों का टेस्ट होगा, जिसमें कोई लक्षण नहीं हैं। ऐसे लोगों में छुपा हुआ टीबी हो सकता है। इसका पता लगाने के लिए विभाग इगरा नाम का टेस्ट करेगा। सबसे पहले विभाग का फोकस टीबी मरीजों के स्वजनों पर रहेगा। एक जनवरी 2021 से अब तक जितने टीबी के मरीज मिले हैं, उनके स्वजनों की इगरा टेस्ट कर सुप्त टीबी की तलाश कर इलाज किया जाएगा।

## 2500 रुपये का टेस्ट निशुल्क होगा

चिकित्सकों के अनुसार पहले संदिग्ध लक्षण के आधार पर मरीजों के टीबी जांच के लिए सीबी नाट टेस्ट किए जाते हैं। अब मरीज में लक्षण न हो तब भी बीमारी की पहचान की जा सकेगी। इसके लिए इगरा टेस्ट शुरू किया गया है। यह टेस्ट निजी अस्पताल में 2500 रुपये में होता है, जबकि स्वास्थ्य विभाग निशुल्क करेगा। टीबी में तीन हफ्ते से ज्यादा तक कफ बना रह सकता है।

## बच्चों का बिना पाजिटिव इलाज

हर टीबी मरीज के स्वजनों के इगरा टेस्ट किए जाएंगे। चाहे लक्षण हो या ना। इन्हीं के संपर्क से टीबी के फैलने की आशंका रहती है। अगर परिवार में पांच से 18 साल के बच्चे हैं, तो उन सभी का बगैर पाजिटिव होने पर भी इलाज अनिवार्य होगा। टीबी की रोकथाम के लिए सुप्त टीबी को रोकना जरूरी है। सरकार ने देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए 2024 का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने संबंधी केंद्र सरकार के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में प्रदेश गतिविधियां चल रही हैं।

> इस साल हमें 3600 टीबी के मरीजों की खोज का लक्ष्य मिला था। उस पर 2164 की खोजकर इलाज दिया जा रहा है। अब एक जनवरी 2021 से अब तक जो टीबी के मरीज मिले हैं, उनके स्वजनों में सुप्त टीबी की तलाश करेंगे।
>
> – डा. योगेश नीखरा, जिला क्षय रोग अधिकारी

नईदुनिया 30/9/21

# कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई
# ड्राइवर और हेल्पर सेवा से बर्खास्त किया

**कड़े तेवर**

- स्वास्थ्य अधिकारी व जोन प्रभारियों का एक दिन का वेतन काटा
- फागिंग मशीन चालक का दो दिन का वेतन काटा

रतलाम। नगर निगम के दो कचरा संग्रहण वाहन गत एक माह से महू रोड स्थित गैरेज में खड़े होने का वीडियो वाट्सएप पर प्राप्त होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह व जोन प्रभारी विनय चौहान को कार्य में लापरवाही बरतने, सफाई व्यवस्था में विपरीत प्रभाव पड़ने व निगम की छवि धूमिल होने पर एक दिन का वेतन काटा जाकर 24 घंटे में जवाब प्रस्तुत करने के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। उक्त वाहन के चालक देवकरण जावलिया व हेल्पर गोपाल-दिलीप दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी द्वारा उक्त वाहन की रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत नहीं करने पर सेवा से बर्खास्त किया गया। जोन-दो अंतर्गत कालिका माता मंदिर क्षेत्र में गंदगी व कचरे के ढेर पाए जाने पर जोन प्रभारी किरण चौहान, वार्ड प्रभारी दिलीप खरे को कार्य में लापरवाही बरतने, सफाई व्यवस्था में विपरित प्रभाव पड़ने, निगम की छवि धूमिल होने पर एक दिन का वेतन काटा जाकर 24 घंटे में जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। शहर में डेंगू के प्रकोप को कम करने नगर निगम व मलेरिया विभाग के संयुक्त रूप से फागिंग मशीन से कीटनाशक का छिड़काव किया जा रहा है। एक डबल बैरल की फागिंग मशीन का सुचारू रूप से संचालन नहीं किए जाने पर नियुक्त दैनिक वेतन भोगी श्याम उंटवाल का दो दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र दिया गया।

नईदुनिया 30/9/21

# मिनी स्मार्ट सिटी के कार्यों हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

रतलाम। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना फेस-2 योजनान्तर्गत 'मिनी स्मार्ट सिटी' का कार्य समय-सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पृथक-पृथक नोडल अधिकारी नियुक्त किये है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मिनी स्मार्ट सिटी के पृथक-पृथक कार्यों हेतु रोड क्रमांक आर.आर. 1 गुजरात स्वीट्स से जुनियर रेलवे इंस्टीट्यूट तक, रोड क्रमांक आर.आर. 3 महाराणा प्रताप चौराहे से लोकेन्द्र टॉकीज तक (जीपीओ रोड) व रोड क्रमांक आर.आर. 4 शास्त्री नगर मेन रोड के कार्य समय-सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है उक्त तीनों रोड निर्माण हेतु पृथक-पृथक प्रभारी सहायक यंत्री व उपयंत्रियों को नियुक्त किया है।

प्रसारण 30/9/21

# मिनी स्मार्ट सिटी के कार्यों हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

रतलाम। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना फेस-2 योजनान्तर्गत मिनी स्मार्ट सिटी का कार्य समय-सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पृथक-पृथक नोडल अधिकारी नियुक्त किये है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मिनी स्मार्ट सिटी के पृथक-पृथक कार्यों हेतु रोड क्रमांक आर.आर. 1 गुजरात स्वीट्स से जुनियर रेलवे इंस्टीट्यूट तक, रोड क्रमांक आर.आर. 3 महाराणा प्रताप चौराहे से लोकेन्द्र टॉकिज तक (जीपीओ रोड) व रोड क्रमांक आर.आर. 4 शास्त्री नगर मेनरोड के कार्य समय-सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द्र व्यास को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है उक्त तीनों रोड निर्माण हेतु पृथक-पृथक प्रभारी सहायक यंत्री व उपयंत्रियों को नियुक्त किया है। सिंहासन-29

सिंहासन 29/9/21

भक्तन की बावड़ी पर निगम व रेलवे मिलकर बनाएगी एक और अंडरब्रिज

# शाम 5 बजे नगर निगम ने प्रस्ताव भेजा, डीआरएम ने 5.15 बजे दे दी अपनी मंजूरी

एक्सक्लूसिव

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** शहर के चहुंओर सिटी फोरलेन बनाने की कयावद कर रही नगर निगम ने एक और पहल की है। शहर के भक्तन की बावड़ी में इस समय एक अंडरब्रिज है, अब नगर निगम व रेलवे इस क्षेत्र में एक और अंडरब्रिज बनाएगी। इसके लिए निगम ने शाम को 5 बजे मंडल रेल प्रबंधक को प्रस्ताव भेजा व डीआरएम ने इसको 5.15 बजे पश्चिम रेलवे को भेज दिया।

शहर में एक और अंडरब्रिज बनने से इस क्षेत्र की करीब 20 कॉलोनियों के 30 हजार से अधिक रहवासियों को लाभ होगा। इसके अलावा शहर के महू रोड क्षेत्र में निगम की प्रापर्टी सुभाष शॉपिंग कॉप्लेक्स में दुकान लेने वाले कारोबारियों को भी लाभ होगा। असल में इस समय जो अंडरब्रिज है उसमे से जब जब बड़े वाहन आते है तब तब जाम के हालात बनते है। इसके अलावा बारिश के दिनों में पानी भर जाता है। इन सब समस्याओं से छुटकारा रहवासियों को मिलेगा। इसके अलावा इस क्षेत्र में करीब 12 नई कॉलोनियां बन रही है, उसमे रहने के लिए आने वाले रहवासियों को भी लाभ होगा।

## इस तरह होगा काम

निगम ने बुधवार को जो प्रस्ताव भेजा है उसमे इस बात का उल्लेख किया गया है कि रतलाम शहर का तेजी से आर्थिक व औद्योगिक विकास करने की दिशा में काम चल रहा है। इसके लिए यह जरूरी है कि पुराने व परंपरागत जो क्षेत्र है उनको अधिक बेहतर करने के लिए काम किया जाए। इसलिए यह जरूरी है कि भक्तन की बावड़ी क्षेत्र में जो अंडरब्रिज है उसको आमजन की सुविधा की दृष्टि से चौड़ा व लंबा किया जाए। इसलिए नगर निगम ने योजना बनाई है कि वर्तमान में जो एक अंडरब्रिज है उसके अतिरिक्त एक और अंडरब्रिज जनहित में तेजी से बनाया जाए। इसमे रेलवे क्षेत्र सहित अन्य निर्माण में होने वाले व्यय को निगम उठाएगा। इस कार्य के लिए इंजीनियरों की टीप उपलब्ध करवाई जाए।

## यह लाभ होगा इससे

असल में इस क्षेत्र में जो कॉलोनियां है व नई बन रही है उनके रहवासियों को तो लाभ होगा ही इसके साथ साथ नगर निगम जो सुभाष शॉपिंग कॉप्लेक्स की 99 दुकानों की बिक्री करने के लिए ई टेंडर जारी चुका है, उनके दुकानदारों को अधिक उपभोक्ताओं का लाभ इसके अलावा आसपास के गांव ग्रामीण होते है उनको भी लाभ इसका निर्माण होने के बाद अंडरब्रिज को वन वे कर जाएगा। एक में से आने की व दू जाने की मंजूरी रहेगी।

## हमने प्रस्ताव भेज दि

भक्तन की बावड़ी क्षेत्र में वर्तमान में जो अंडरब्रिज है उसके अलावा एक और अंडरब्रि बनाया जाना तय किया गया है। लिए रेलवे को प्रस्ताव भेज दिया है। इससे क्षेत्रीय कॉलोनियों सहि सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के कारोबारियों को भी लाभ होगा।
**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 30/9/21



# स्वच्छता ही स्वस्थ्य जीव
# की कुंजी है : झारिया

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

### नगर निगम के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव के दूसरे गीला-सूखा कचरा एव करने वाले नागरिकों व रहवासी संघ के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ्य जीवन की कुंजी है। हम अपने घर व आसपास के वातावरण को जितना स्वच्छ व सुंदर रखेंगे उतना ही बीमारियों का खतरा दूर रहेगा। सभी को प्रयास करना चाहिए कि हमारे, घर,दुकान कारखाना या जो भी संस्थान हो वहां गीला, सूखा, हानिकारक आदि कचरे का संग्रहण अलग-अलग ही करे और इसे कचरा संग्रहण के निर्धारित स्थानों में ही डाले।

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर मंगलवार को शहर के अनेकों वार्डो में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आमजन को अलग-अलग कचरा संग्रहण करने की समझाईश देकर अमृत महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर गांधी नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों से चर्चा की और अलग-अलग कचरा संग्रहण करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया। मंगलवार को शहर के चारों झोनो में वार्ड नम्बर-1,25,34 व 36 सहित आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों, डीए, मोहल्ला संघों और अन्य आवासीय संघों का सम्मान किया। इस मौके पर सफाई मित्र समूह की टीम ने विभिन्न वार्डो में नागरिकों के घर पहुच कर उन्हे कचरा पृथ्कीकरण की समझाईश दी और बताया कि घर व दुकानों का कचरा अलग-अलग डस्टबीनों में ही एकत्र करे और किसी भी परिस्थिति में इस कचरे को खाली प्लाटों या मैदानों में नही डाले। इस मौके पर गुलमोहर कालोनी संघ के अध्यक्ष बलवंतसिंह भाटी और टीआईटी रोड़ के स्वच्छता सिपाही श्री योगेश कावडियां को प्रमाणपत्र व शील्ड देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री व स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी सुरेशचन्द्र व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, शैलेन्द्र गोठवाल के अलावा कर्णधीर बडगोत्या, हितेश पैमाल, श्रीमती किरण महावर, द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के सदस्य दिव्या प्रयास जोशी, मिली जोशी, श्रुति जोशी, शिवम, सलोनी, कीर्ति, प्रयास, दीपिका आदि उपस्थित थे।

सिंघम 29/9/21

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

# माफियाओं के विरुद्ध कलेक्टर ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश सभी एसडीएम को दिए

सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम



समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि माफियाओं तथा अवैध कॉलोनाइजरों के विरुद्ध कार्रवाई करें। लोक निर्माण विभाग को शहर की सड़कों की दुरुस्ती का प्लान करने के निर्देश दिए। सड़क विकास निगम के अधिकारी को महू नीमच रोड पर गड्ढों की दुरुस्ती के लिए कहा गया। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि उपस्थित थे।

जावरा एसडीएम ने बताया कि उनके द्वारा जावरा शहर में तथा आसपास अवैध कॉलोनाइजरों तथा माफियाओं की सूची तैयार कर ली गई है। कलेक्टर द्वारा सभी माफियाओं के विरुद्ध एफआइआर करने के निर्देश दिए गए। सैलाना एसडीएम ने बताया कि रावटी में भी नोटिस जारी किए गए हैं आलोट एसडीएम को भी एफआइआर करने के निर्देश दिए गए। विगत समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को उन ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे जिनके द्वारा जल जीवन मिशन की योजनाओं में गड़बड़ी की जा रही है परंतु कलेक्टर द्वारा इस बैठक की समीक्षा में पाया गया कि ठेकेदारों के विरुद्ध लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त की। कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि इस सप्ताह में यदि गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो उनके विरुद्ध रिपोर्ट भोपाल प्रेषित की जाएगी।

सीईओ जिला पंचायत को निर्देश दिए कि सैलाना, बाजना क्षेत्रों में मनरेगा योजना से आदिवासी परिवारों के खेतों में कार्य किए जाएं जिससे परिवारों का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। आईटीआई प्राचार्य को 10 अक्टूबर के आसपास रोजगार मेला आयोजित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत को स्वयं सहायता समूहों के बैंक लिंकेज में तेजी से कार्य करने को कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि जिले के प्रत्येक विकासखंड में दो या तीन आदर्श गांव बनाए जाएंगे। महिला बाल विकास विभाग को सैलाना, बाजना क्षेत्रों में कुपोषण के विरुद्ध ठोस योजना बनाने के निर्देश दिए। बच्चों का डाइट प्लान तैयार करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए संभवतः 5 बच्चों की जिम्मेदारी होगी जिनका कुपोषण दूर करना है।

सिंघम २७/९/२१

# अमरीश शर्मा को सेवा से बर्खास्त किए जाने का सूचना-पत्र

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयुष्मान कार्ड बनाने की ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने पर दैनिक वेतन भोगी कम्प्यूटर आपरेटर अमरीश शर्मा का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया। प्रसारण।

प्रसारण 30/9/21

## मनमानी का मास्टर प्लान


# 296 आपत्तियां आईं, टीएंडसीपी के अफसर नहीं दे पाए जवाब

### हनुमान ताल के पास सड़क डाल दी, सालाखेड़ी में बन रहा फिर भी डोसीगांव में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए जमीन चिह्नित

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बिना भौतिक सत्यापन के सैटेलाइज इमेज और डिजिटल मानचित्र के आधार पर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग द्वारा 2035 तक के लिए बनाया गया मनमाना मास्टर प्लान किसी के भी गले नहीं उतर रहा। 296 आपत्तियां इसका सबूत हैं। बुधवार को हुई सुनवाई में आपत्तिकर्ताओं ने टीएंडसीपी की गलतियां बताना शुरू किया तो अफसर को जवाब तक नहीं सूझा। सबसे ज्यादा एतराज बरबड़ ग्राम के बीचों-बीच से हनुमान ताल के पास से होकर 80 फीट तक नक्शे में डाली गई सड़क को लेकर आया। इसके महज 20 से 25 मीटर दूर रुद्र पैलेस के सामने से एक और उसी तरफ जा रही है। बावजूद अफसरों ने एक और रोड़ प्रस्तावित कर दिया। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट नगर को लेकर भी खुलासा हुआ। रतलाम विकास प्राधिकरण सालाखेड़ी में ट्रांसपोर्ट नगर बना रहा है। बावजूद इसके टीएंडसीपी के अफसरों ने डोसीगांव में एक और जमीन इसके लिए रोक रखी है। इसका नुकसान आसपास की जमीन वालों को भी भुगतान पड़ रहा है, जो अनुमतियां नहीं मिलने से उसका उपयोग नहीं कर पा रहा है। बुधवार को जिला विकास योजना समिति के विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, राजेंद्र सिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश उज्जैन सीके साधव, प्रभारी उपसंचालक गोरेलाल वर्मा ने 180 आवेदकों की सुनवाई की। बाकी की आपत्तियों पर 30 सितंबर को सुबह 11 बजे से सुनवाई होगी। शेष | पेज 5 पर

## भास्कर सवाल • प्लानिंग एरिया 314.57 हेक्टेयर घटाकर 2892.21 हेक्टेयर आवासीय उपयोग के लिए क्यों बढ़ाया, आज 11 बजे से फिर सुनवाई




हनुमान ताल के पास से होकर ग्राम बरबड़ से 80 फीट रोड तक प्रस्तावित नई सड़क।

विधायकों की सख्त आपत्तियों को दरकिनार करते हुए 6 फरवरी को (टीएंडसीपी) ने जिस मास्टर प्लान 2035 के प्रारूप का गजट नोटिफिकेशन किया था। वह साफतौर पर भूमाफिया से सांठगांठ कर बनाया गया है। प्लान के आंकड़ों में अफसरों ने प्लानिंग एरिया 314.57 हेक्टेयर घटाकर 10632.57 हेक्टेयर से 10318.13 हेक्टेयर कर दिया है। बावजूद भूमाफियाओं को लाभ देने के लिए आवासीय उपयोग के लिए 2892.21 हेक्टेयर भूमि आरक्षित कर दी है। यह 2021 के प्लान में आरक्षित 2569.87 हेक्टेयर से लगभग 323 हेक्टेयर ज्यादा है। बताया जा रहा है कि ये लगभग सारी जमीन कॉलोनाइजर, बिल्डर और बड़े प्रॉपर्टी ब्रोकर्स की है।

### भूमि उपयोगिता : 2021 की स्थिति और 2035 के लिए प्रस्तावित

| भूमि | 2021 में प्रस्तावित | वास्तविक विकसित | 2035 में प्रस्तावित |
|---|---|---|---|
| आवासीय | 2569.87 | 1161.60 | 2892.21 |
| व्यवसायिक | 196.32 | 89.20 | 192.14 |
| औद्योगिक | 547.33 | 261.0 | 590.03 |
| उपयोगिता व सुविधा | 279.83 | 258.48 | 407.86 |
| आमोद-प्रमोद | 629.54 | 60.79 | 684.63 |
| यातायात एवं परिवहन | 1007.73 | 616.84 | 1023.16 |
| योग | 5230.61 | 2447.91 | 6600.24 |

(आंकड़े हेक्टेयर में)

भास्कर

### सरकार करेगी फैसला

*आपत्तियों एवं सुझावों की सुनवाई कर अंतिम निर्णय के लिए संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल को भेजा जाएगा। अंतिम फैसला राज्य सरकार ही करेगी।*
**चेतन्य काश्यप**, विधायक

*बुधवार को 296 में से 180 आपत्तियों को सुन लिया है। गुरुवार को बाकी की सुनवाई करेंगे।*
**कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर

दै.भास्कर 30/9/21

**कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला विकास योजना समिति ने की आपत्तियों एवं सुझावों पर सुनवाई**

# 2035 के मास्टर प्लान पर 296 आपत्तियां और सुझाव
# 180 पर सुनवाई, शेष पर आज होगा मंथन

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** रतलाम के विकास को लेकर मास्टर प्लान 2035 पर कुल 296 आपत्तियां और सुझाव आए। इनकी सुनवाई के लिए बुधवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में 180 आपत्तियों, सुझावों पर बुधवार को सुनवाई की गई। शेष आपत्तियों, सुझावों पर समिति द्वारा सुनवाई गुरुवार को सुबह 11 बजे से की जाएगी।

संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. शासन भोपाल द्वारा रतलाम निवेश क्षेत्र की प्रारुप विकास योजना 2035 का प्रकाशन राजपत्र में विगत दिनों किया। प्रकाशन अवधि में विभाग को 296 आपत्तियां, सुझाव प्राप्त हुए थे। जिला विकास योजना समिति द्वारा सुनवाई की गई। प्रत्येक व्यक्ति की बात को समिति द्वारा सुना गया। इसमें जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे जिनके द्वारा सुनवाई की गई।

## शासन लेगा अंतिम निर्णय

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि जिला विकास योजना समिति द्वारा विकास योजना पर प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों की सुनवाई कर अंतिम निर्णय के लिए संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल को प्रेषित किया जाएगा, जहां शासन द्वारा योजना के संबंध में अतिम निर्णय लिया जाएगा।

### प्रतिवेदन जाएगा

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने भी समिति कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपत्तियों, सुझावों पर सुनवाई के बाद समिति की अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन शासन को प्रेषित किया जाएगा। शासन स्तर पर आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, राजेन्द्रसिंह लूनेरा, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईड़ा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश उज्जैन सी.के. साधव, प्रभारी उपसंचालक गोरेलाल वर्मा तथा आपत्तिकर्ता व सुझावकर्ता नागरिक उपस्थित थे।

पत्रिका 30/9/21

## जिले के सभी एसडीएम को कलेक्टर का फरमान

# माफियाओं को नहीं बख्शा जाए



● रतलाम

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि माफियाओं तथा अवैध कॉलोनाइजरों के विरुद्ध कार्रवाई करें। लोक निर्माण विभाग को शहर की सड़कों की दुरुस्ती का प्लान करने के निर्देश दिए। सड़क विकास निगम के अधिकारी को महू नीमच रोड पर गड्ढों की दुरुस्ती के लिए कहा गया। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि उपस्थित थे।

**कल टीएल बैठक मे भूमाफियाओ से लेकर अवैध कालोनाईजरो तक कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए**

जावरा एसडीएम ने बताया कि उनके द्वारा जावरा शहर में तथा आसपास अवैध कॉलोनाइजरों तथा माफियाओं की सूची तैयार कर ली गई है। कलेक्टर द्वारा सभी माफियाओं के विरुद्ध एफआइआर करने के निर्देश दिए गए। सैलाना एसडीएम ने बताया कि रावटी में भी नोटिस जारी किए गए हैं आलोट एसडीएम को भी एफआइआर करने के निर्देश दिए गए। विगत समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को उन ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे जिनके द्वारा जल जीवन मिशन की योजनाओं में गड़बड़ी की जा रही है परंतु कलेक्टर द्वारा इस बैठक की समीक्षा में पाया गया कि ठेकेदारों के विरुद्ध लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त की। कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि इस सप्ताह में यदि गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो उनके विरुद्ध रिपोर्ट भोपाल प्रेषित की जाएगी।

सीईओ जिला पंचायत को निर्देश दिए कि सैलाना, बाजना क्षेत्रों में मनरेगा योजना से आदिवासी परिवारों के खेतों में कार्य किए जाएं जिससे परिवारों का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। आईटीआई प्राचार्य को 10 अक्टूबर के आसपास रोजगार मेला आयोजित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत को स्वयं सहायता समूहों के बैंक लिंकेज में तेजी से कार्य करने को कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि जिले के प्रत्येक विकासखंड में दो या तीन आदर्श गांव बनाए जाएंगे। महिला बाल विकास विभाग को सैलाना, बाजना क्षेत्रों में कुपोषण के विरुद्ध ठोस योजना बनाने के निर्देश दिए। बच्चों का डाइट प्लान तैयार करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए संभवत: 5 बच्चों की जिम्मेदारी होगी जिनका कुपोषण दूर करना है।

अग्निबाण/29/9/21